Regarding polluted water channels and Dadu Majra Garbage dump in Chandigarh

श्री मनीश तिवारी **(चंडीगढ़) :** महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, चंडीगढ़ शहर पूरे विश्व में अपनी सुन्दरता के लिए जाना जाता है । It is called The City Beautiful. पिछले कुछ वर्षों में चंडीगढ़ की सुन्दरता धूमिल होती जा रही है । चंडीगढ़ में तीन छोटी-छोटी नदियां बहती हैं । उसके पूर्व में सुखना नदी है, जिसे पंजाबी में हम चोई कहते हैं । शहर के बीच में से एक उत्तरी चोई नदी बहती है और शहर के पश्चिमी तट के ऊपर पटियाला की राव नदी है ।

ये तीनों चोई इतने ज्यादा प्रदूषित हो गए हैं कि वहां पर श्वास लेना भी मुश्किल हो गया है । मैंने एक तारे वाला प्रश्न भी लगाया था, जिसे अंग्रेजी में स्टार्ड क्वेश्चन कहते हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया कि वे इस प्रदूषण का किस तरह से समाधान करेंगे । इसके अलावा चंडीगढ़ के डड्डू माजरा में एक बहुत बड़ा गार्बेज डंप है । वहां पर कूड़े के पहाड़ बनते जा रहे हैं । सरकार ने पहले एनजीटी को कहा, हाईकोर्ट को कहा, पार्लियामेंट्री कमेटी को कहा कि हम नवम्बर, 2024 तक उसे पूरी तरह से साफ कर देंगे । फिर उसकी अवधि बढ़ाकर मार्च 2025 हो गई । फिर उसकी अवधि बढ़ाकर जुलाई 2025 हो गई । उसके बाद अब उसकी अवधि बढ़ाकर 30 नवम्बर, 2025 कर दी, लेकिन कोई सफाई नहीं हुई ।

महोदय, मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि चंडीगढ़ पहला ऐसा शहर है, जो भारत की स्वाधीनता के बाद एक नया शहर बसाया गया । पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उस शहर को बसाया था । उस शहर को अगर आप केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर रखना चाहते हैं, तो उसकी देखरेख करना भी आपकी जिम्मेदारी है । माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी यहां बैठे हैं । मैं इनसे कहना चाहता हूं कि जो एनवायरनमेंट मंत्री हैं, गृह मंत्री हैं, इस बात को उनके संज्ञान में लेकर आएं, ताकि जो चंडीगढ़ की यह विश्व प्रसिद्ध सुन्दरता है, खूबसूरती है, वह बनी रह सके ।